# सुर, साज और ताल से सराबोर हुआ एमआईटीएस कैंपस

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 फरवरी.** माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, ग्वालियर में आयोजित वार्षिक महोत्सव 'आरुण्य 2026' के पहले दिन उत्साह, रचनात्मकता तथा व्यापक जनसहभागिता देखने को मिली ।महोत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं शंखनाद के साथ किया गया। इस अवसर पर

## 'आरुण्य 2026' में चल रहे रंगारंग कार्यक्रम, हजारों छात्रों की उपस्थिति

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. के. पंडित, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. मंजरी पंडित, डीन स्टूडेंट एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. आर. एस. जादौन, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मनीष कुमार सागर, डीन पब्लिक रिलेशन्स डॉ. मनीष दीक्षित सहित संस्थान के गणमान्य अधिकारी एवं फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

दोपहर से सायंकाल तक महोत्सव परिसर में विभिन्न



शैक्षणिक, तकनीकी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें विद्यार्थियों की सहभागिता रही। राष्ट्राय द्वारा आयोजित 'सृजन', हैकररैंक के तत्वावधान में 'कोड कार्निवल', फ्रेमफ्लिक्स क्लब द्वारा 'कैसल ऑफ फ्रेमफ्लिक्स' तथा स्टार्टअप सेल एवं नेक्सर्ज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शार्क टैंक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अतिरिक्त विभिन्न छात्र क्लबों द्वारा लगाए गए रचनात्मक एवं नवाचार-आधारित स्टॉल्स ने भी विद्यार्थियों एवं आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया।

सायंकाल 7 बजे से आयोजित संगीतमय संध्या में प्रसिद्ध गायक नवजोत आहूजा की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे परिसर को संगीतमय वातावरण से सराबोर कर दिया। उन्होंने खत, डाई विद ए स्माइल, कुड़ी वर्गी, हे ऐशा सहित अनेक लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी, जिन पर उपस्थित श्रोतागण मंत्रमुग्ध दिखाई दिए। इस सांस्कृतिक संध्या में लगभग 6,000 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

रात्रि के कार्यक्रमों में मशहूर संगीत जैसे 'ए दिल है मुश्किल', 'बुल्लेया', और 'आवारगी आवारगी है' आदि की 'बंदिश' म्यूजिक क्लब द्वारा प्रस्तुति दी गई एवं अर्बन वॉयेज द्वारा प्रस्तुत 'महाभारत' आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने महाभारत का सजीव चित्रण किया। इन कार्यक्रमों में भी 6,000 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता बनाते हुए, महोत्सव के उत्साह को सतत् बनाए रहा।

### सांस्कृतिक अभिव्यक्ति एवं युवा ऊर्जा का संगम

समग्र रूप से 'आरुण्य 2026' का प्रथम दिवस शैक्षणिक नवाचार, तकनीकी दक्षता, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति एवं युवा ऊर्जा का प्रभावशाली संगम सिद्ध हुआ। महोत्सव के आगामी दिनों में भी विविध, रोचक एवं बहुआयामी कार्यक्रमों के आयोजन की योजना है, जो विद्यार्थियों को सृजनात्मक अभिव्यक्ति का सशक्त मंच प्रदान करेंगे। दूसरे दिन के विशेष आकर्षणों कॉमिक क्लैश के अंतर्गत स्टैंड-अप कॉमेडियन प्रणकज उपाध्याय की हास्य प्रस्तुति, द स्पीकर्स क्लब द्वारा चर्चा, विद्युत क्लब द्वारा लॉजिक एंड लाफ, एवं आई. ई. आई. सोसाइटी द्वारा आयोजित कोडिंग एरेना प्रमुख रूप से शामिल रहे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों में रुचि, आत्मविश्वास, तकनीकी समझ आदि का विकास हुआ तथा परीक्षाओं द्वारा मानसिक थकान भी कम हुई।

### आज नृत्य प्रस्तुतियाँ तथा डीजे नाइट

कल 23 फरवरी को विश्वविद्यालय के डांस क्लब नृत्यसंगम द्वारा नृत्य प्रस्तुतियाँ तथा डीजे कशिश राठौर द्वारा डीजे नाइट का आयोजन होगा, जिसके लिए विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिल रहा है।



# भाजपा नेताओं ने सुनी मन की बात

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 फरवरी.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र से जनसंवाद अंतर्गत कार्यक्रम मन की बात के 131वें एपिसोड का प्रसारण आज हुआ। भाजपा महानगर के सभी मण्डल अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर यह कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

मन की बात प्रभारी दारा सिंह सेंगर के संयोजन में सभी मण्डलों के बूथों पर जिले के विशिष्ट व्यक्तियों को भेजा गया था जिसके अंतर्गत मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने दीनदयाल मंडल के बूथ क्रमांक 43, केबिनेट मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने दुर्गादास मण्डल के बूथ क्रमांक 237, पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर ने विवेकानंद मण्डल मे बूथ क्रमांक 144, पूर्व अध्यक्ष कमल माखीजानी ने वीर सावरकर मण्डल के बूथ क्रमांक 267, अभय चैधरी ने शहीद हेमू कॉलाणी मण्डल के बूथ पर क्रमांक 57 पर उपस्थित रहकर कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु एआई समिट और भारत की तकनीक, साइबर सुरक्षा और डिजिटल अरेस्ट, नन्हीं बच्ची आलिन का अंगदान, टी20 खेल में भारत की वैश्विक पहुंच, आगामी त्यौहार रंगोत्सव में वोकल फॉर लोकल, परीक्षा के दौरान छात्रों को मानसिक तनाव कम करने का सूत्र प्रमुख रुप से रहे। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने मन की बात कार्यक्रम को भारत का एकमात्र गैर राजनैतिक और जनता से सीधा जुड़ाव रखने वाला, सकारात्मक विचारों से ओतप्रोत जनसंवाद बताया।


### स्वामी विवेकानंद मंडल में भी सुनी मन की बात

मन की बात का 131 वें एपिसोड स्वामी विवेकानंद मंडल के वार्ड 50 के बूथ क्रमांक 144 पर देखा व सुना गया। वहीं मंडल के सभी बूथों पर मन की बात देखा व सुना गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर, विशेष अतिथि जिला महामंत्री जवाहर प्रजापति उपस्थित हुए । मंडल अध्यक्ष अमर कुटे एवं बूथ समिति के द्वारा अतिथियों का भाजपा का अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया

# समाज उत्थान के अग्रदूत स्व . गुरूबख्श सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धा :सुमन अर्पित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 फरवरी.** व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्ट्डीज़ में आज समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले स्व. गुरूबख्श सिंह की 11वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर ने अपने पूज्य पिताश्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके साथ चेयरपर्सन श्रीमती सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह एवं व्हीआईएसएम हॉस्पिटल के स्टॉफ ने भी उनको श्रद्धासुमन अर्पित किये ।स्व. गुरूबख्श सिंह एक दूरदर्शी एवं समर्पित



समाजसेवी थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम माना। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की कमी को देखते हुए उन्होंने गांव में एक विद्यालय की स्थापना कर शिक्षा का दीप प्रज्वलित किया। उस समय संसाधनों की कमी के बावजूद उनका संकल्प अडिग रहा। उनके प्रयासों से न केवल गांव बल्कि आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार सिंह राठौड़ ने भावुक शब्दों में कहा कि उनके पिताजी के आदर्श, त्याग और सेवा भाव ही उनके जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि वे सदैव उनके दिखाए मार्ग पर चलकर शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक विकास कार्य किए जाएंगे, ताकि स्व. गुबक्श सिंह का सपना और सशक्त रूप में साकार हो सके।

# कृषि मंथन 2026 : बेहतर बीज, स्वस्थ मिट्टी और नवाचार से टिकाऊ खेती का संकल्प

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 फरवरी.** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय 'कृषि मंथन 2026' में कृषि के भविष्य की रूपरेखा पर गंभीर मंथन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में हुआ। इससे पूर्व मुख्य अतिथि एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों ने विश्वविद्यालय परिसर एवं कृषि तकनीकी प्रदर्शनी का भ्रमण किया। जिसमें कृषि वैदिक गांव और आधुनिक तकनीक के संगम को देखा और विश्वविद्यालय के कुलपति डा अरविंद कुमार शुक्ला एवं उनकी टीम की प्रशंसा की। एरोपोनिक यूनिट, हाइड्रोपोनिक यूनिट, हाईटेक नर्सरी, ट्री-हाउस आदि को देखा और सराहना की।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला ने कहा कि कृषि मंथन मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव की पहल पर प्रथम बार वि.वि. में आयोजित किया जा रहा है। इस मंथन से भविष्य की कृषि का अमृत निश्चित तौर पर निकलेगा।

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, नई दिल्ली के पूर्व सदस्य डॉ. बी.एस. द्विवेदी ने अपने सम्बोधित करते हुये कहा कि विकसित एवं विकासशील देशों में अच्छे बीज की महत्ता बहुत अधिक है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नईदिल्ली के उपमहानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ. डी.के. यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र जो आगे के भविष्य के वैज्ञानिक है वह नयी तकनीकों को विस्तृत करें। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने म.प्र. सरकार के लिये रोडमैप तेयार करने की बात की है।

पहले तकनीकी सत्र में 'पादप प्रजनन एवं आनुवांशिकी एवं बीज क्षेत्र में नई चुनौतियाँ' विषय पर देशभर से आए विशेषज्ञों ने बदलती जलवायु, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बीज उत्पादन की रणनीतियों पर विचार रखे। डॉ. संजय कुमार ने कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना ही उत्पादन बढ़ाने की पहली शर्त है। नई किस्मों का चयन और उनकी बाजार में उपलब्धता सुव्यवस्थित होनी चाहिए। डॉ. एस.के. राव ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में ऐसी किस्में विकसित करनी होंगी जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन दें।

डॉ. एस.के. चतुर्वेदी ने 'सीड हब' की स्थापना को समय की जरूरत बताया, ताकि किसानों की मांग के अनुसार बीजों का संग्रहण और वितरण किया जा सके।

### प्रगतिशील किसान हुये सम्मानित

प्रगतिशील किसान बलबिन्दर सिंह, ग्राम बड़गी सराय तहसील चिनौर जिला ग्वालियर ने प्राकृतिक संसाधन संरक्षण को ध्यान में रखते हुये शून्य जुताई उत्पादन तकनीक से गेहूँ में प्रति हेक्टेयर 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि प्राप्त की है। प्रगतिशील महिला कृषक श्रीमती नीलम कुशवाह, ग्राम मुरार जिला ग्वालियर में मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में उन्नत कृषि की है। प्रगतिशील कृषक प्रशांत सिंह तहसील भितरवार जिला ग्वालियर ने डेयरी उद्यमी के रूप में पहचान बनाने में सफल हुए।





शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत ₹63,059#

कॉर्पोरेट ऑफ़र्स/किसान योजना ₹2 200~ तक

डाउन पेमेंट ₹4 999$ से शुरू

EMI पर इंस्टेंट कैश बैक ₹10 000^ तक — HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड — Powered by pine labs

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife — Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Self in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), एसोशिएट डीलरः अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, अमानगंजः असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787.


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95